## महत्वपूर्ण एवं खास

### छठ महापर्व के दौरान आयोजित माता अरपा की महाआरती में शामिल होने का मुख्यमंत्री को दिया गया न्योता

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छठ पूजा समिति के संरक्षक अभय नारायण राय ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर बिलासपुर छठ पुजा में शामिल होने का निमंत्रण पत्र बांटा। 31 अक्टूबर को शाम 5 बजे माता अरपा की महाआरती में शामिल होने का निवेदन किया। पत्र में छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बी.एन.झा ने छठ पूजा के अवसर पर राज्य में अवकास हेतु आभार प्रकट करते हुये 31 अक्ब्टूबर को महाआरती और 2 नवम्बर को छठ में शामिल होने का निवेदन किया हैं। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल ने आश्वस्त किया है कि वे कार्यक्रम में शामिल होने की पूरी कोशिश करेगे और कार्यक्रम तय होने के बाद समिति को सूचित किया जायेगा। उक्त जानकारी अभय नारायण राय संरक्षक छठ पूजा समिति ने दी।

### पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि 31 को, पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर प्रमोद दुबे एवं संस्कृति विभाग अध्यक्ष राधेश्याम विभार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि 31 अक्टूबर 2019 गुरूवार को सुबह 10 बजे राजधानी शहर के कालीबाड़ी चौक में स्थित उनके प्रतिमा स्थल में उन्हें ससम्मान नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिमा स्थल में नियत दिवस को प्रतिमा स्थल का ससम्मान प्रतिमा की साफ-सफाई व्यवस्था, प्रतिमा स्थल के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था, प्रतिमा की सादर पुष्प सज्जा कार्यक्रम स्थल में आवश्यकता के अनुरूप पेयजल की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

### छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश, 2019 छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राजपत्र के 25 अक्टूबर 2019 के अंक में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश, 2019 प्रकाशित कर दिया गया है। यह अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशन के साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू हो गया है। इस अध्यादेश के तहत महापौर/अध्यक्षों का निर्वाचन अप्रत्यक्ष रीति से होगा। जिसमें निर्वाचित पार्षदों के द्वारा निर्वाचित पार्षदों में से महापौर/अध्यक्षों का निर्वाचन किया जाएगा।

### सूने मकान का ताला तोड़ नगदी व गहने पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक सूने मकान से अज्ञात चोरो ने ताला तोड़कर नगदी तीन हजार रूपये सहित सोने-चांदी के गहने चोरी कर ले गये। चोरी गए गहनों की कीमत 19 हजार रूपये बतायी गयी है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस मामले में धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### पूरे प्रदेश में गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा का त्यौहार

» मुख्यमंत्री निवास में 28 अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे कार्यक्रम

**रायपुर (आरएनएस)।** पूरे प्रदेश में 28 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा का त्यौहार गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में सवेरे 10.30 बजे से गौठान दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसके तहत गोवर्धन पूजा और राउत नाचा का आयोजन होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

# ईवीएम से ही चुनाव कराये जाने भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

» कांग्रेस मंत्रीमंडल के फैसले पर उठाया सवाल



**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को प्रदेश की राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके से मुलाकात कर मंत्रिमंडल द्वारा ईवीएम की जगह मतपत्रों के माध्यम से चुनाव कराए जाने पर गहरा षड्यंत्र होने का अंदेशा व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम के माध्यम से ही कराए जाने का निर्देश दिए जाने का आग्रह किया।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा है जो सरकार ईवीएम के माध्यम से चुनाव जीतकर बनी हो और छत्तीसगढ़ में अभी वर्तमान में हुए दो उपचुनावों में भी ईवीएम के माध्यम से चुनाव हुए और परिणाम भी उनके पक्ष में रहा फिर भी नगरीय निकाय चुनाव में मतपत्रों का इस्तेमाल ये सरकार क्यों कर रही हैं, यह समझ से परे है। कहीं न कहीं सरकार की मंशा पर सवाल उठता है।

सांसद सुनील सोनी ने राज्यपाल से कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में पार्षदों के जीतने का अंतर बहुत कम होता है और मतपत्रों के माध्यम से चुनाव कराने पर काफ ी सारे मत अवैध घोषित हो जाते हैं जिसका चुनाव परिणामों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। कई बार तो ऐसा होता है कि जीतने वाले प्रत्याशी का मतांतर अवैध घोषित मतपत्रों से काफी कम होता है। ऐसे में चुनाव परिणाम की वैधता भी संदिग्धता की दायरे में आती है और स्वच्छ और स्पष्ट जनादेश प्राप्त करने में भी इसका प्रभाव पड़ता है जबकि ईवीएम के माध्यम से चुनाव कराने पर एक भी मत अवैध नहीं होते हैं। इससे स्वच्छ एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होती है।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने राज्यपाल से आग्रह किया कि वे निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में राज्य सरकार को निर्देश करे कि सरकार नगरीय निकायों के चुनाव भी ईवीएम के माध्यम से ही सम्पन्न कराए ताकि समय और पैसे दोनों की बचत हो और चुनाव परिणाम निष्पक्ष हो, तथा अवैध मतपत्रों के कारण किसी भी मतदाता का मत अवैध घोषित न हो और एक जनप्रतिनिधि को चुनने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका सुनिश्चित हो।

पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि जहां एक ओर भारत वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा है वहीं छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार प्रदेश को वापस 20-25 वर्ष पीछे ले जा रही है। देश में रोज नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है और प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ को लगातार पीछे ले जा रही है। ईवीएम की जगह मतपत्रों से चुनाव कराने पर भी ऐसा ही प्रतीत हो रहा है।

## दीवाली की खरीददारी कर लौट रहे युवकों को डंपर ने कुचला, दो की मौत एक गंभीर

**दुर्ग (आरएनएस)।** कोतवाली थानाक्षेत्र के गांधी चौक के पास शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट मे ले लिया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया साथ ही तीसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बाद आक्रोशित डंपर समेत कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात घर लौट रहे बाइक सवार युवक अजय यादव, ओमप्रकाश यादव एवं गोपाल देशमुख को पीछे से आ रही एक डंपर के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। तीनो युवक दीवाली की शॉपिंग कर कसारीडीह की ओर जा रहे थे।

इस हादसे में अजय की मौके पर ही मौत हो गई एवं ओमप्रकाश की अस्पताल दे जाते समय मौत हो गई वहीं एक युवक गोपाल देशमुख की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने डंपर को आग के हवाले कर दिया। उन्होंने डंपर के अलावा आस-पास खड़ी कई गाडियों में आग लगाने के लिए डीजल छिड़क दिया. ऐसे में तुरंत फ ायर ब्रिगेड को सूचना दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बड़ी मशक्कत से स्थिति को नियंत्रित किया।

## शराब के नशे में युवक ने डंडे से पीटकर जान ले ली अधेड़ की

» आरोपी फरार, सरगर्मी से की जा रही तलाश

**कोरबा (आरएनएस)।** बांगो थानांतर्गत एतमानगर घाट रोड में कल दोपहर से लेकर शाम तक जाम छलकाने के कई दौर चलने पर हुए विवाद में हमप्याले-हमनिवाले युवक ने अधेड़ को हाथ.मुक्के व डंडे से मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया। जिसकी उपचार के दौरान आधी रात को सीएचसी पोड़ी में मौत हो गई। हत्यारा वारदात के बाद फ रार हो गया। जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

पाली थानांतर्गत ग्राम चैतमा के कुम्हार मोहल्ला निवासी परदेशीराम यादव उम्र 55 पिता धनसिंह यादव विगत कुछ वर्षो से बांगो थानांतर्गत माचाडोली एतमानगर के घाट रोड मोहल्ला में रहते हुए अपने परिवार के साथ जीवकोपार्जन कर रहा था। कल वह मोहल्ले के ही एक युवक धनु मंझवार उम्र 30 व एक-दो अन्य दोस्तों के साथ दोपहर 1बजे के लगभग शराब पी रहा था। इसी दौरान उसका विवाद धनु मंझवार से हुआ। जिसके कारण धनु ने परदेशीराम के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। फिर इसके बाद शाम को पीने-पिलाने के दौरान इन दोनों के मध्य पुनः विवाद हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप धनु ने



परदेशीराम यादव को हाथ-मुक्के व डंडे से पिटाई कर उसको मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया। बताया जाता है कि इस घटना की जानकारी होने पर परदेशीराम यादव की पत्नी बेदकुंवर बाई यादव उम्र 50 उसे लेकर पोड़ी उपरोड़ा सीएचसी 112 डायल वाहन से लेकर पहुंची। जहां उपचार के दौरान आधी रात को उसकी मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री को प्रतिनिधि मंडल ने नये धान की बाली भेंटकर दीपावली की बधाई दी

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आज उनके रायपुर स्थित निवास पर प्रदेश धोबी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने नये धान की बाली भेंट की और उन्हें दीपावली की बधाई दी। धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में आये प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए आगामी तीन नवम्बर को प्रस्तावित परिचय सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने भी प्रतिनिधि मंडल को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दी।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐश्वा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090